# ऑकलैण्ड के सेंट्रल सबअर्ब्स के लिए बस सेवाएं रविवार 8 जुलाई 2018 से परिवर्तित हो रही हैं।



पेज 1

रविवार 8 जुलाई 2018 से ऑकलैण्ड की सेंट्रल सबअर्ब्स में नया बस नेटवर्क होगा। अधिकतर वर्तमान सेवाएं बदल जाएंगी

नया बस रूट, नए रूट नंबर, नई समयसारणियां, कुछ बस स्टॉप बदल जाएंगे, टर्म 3 से स्कूल बस बदल जाएगी।

**सहायता चाहिए?**

- AT.govt.nz/newnetworkcentral पर ऑनलाइन जाएं
- हमें (09) 366 6400 पर कॉल करें
- सार्वजनिक सूचना कार्यक्रम में आएं

पेज 2

# बस परिवर्तन के लिए तैयार रहें

चरण 1: यह देखने के लिए अंदर मानचित्र का उपयोग करें कि आप किस प्रकार प्रभावित होते हैं।

चरण 2: ऑनलाइन यात्रा प्लॉनर, AT मोबाइल एप या छपी समयसारिणी का प्रयोग करके अपने नए बस टाइम चैक करें।

चरण 3: अपने बस स्टॉप पर सूचना पोस्टर या हमारी वेबसाइट पर देखकर अपने स्टॉप में परिवर्तन की जानकारी लें।

# पहले सप्ताह के लिए तैयार रहें।

यदि आपका रूट बदल रहा है, तो हमारा सुझाव है कि आप:

- अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय रखें और सामान्य से जल्दी बस पकड़ें।
- AT एम्बेसेडर्स से बात करें, जो व्यस्त बस स्टॉपों पर आपकी मदद करेंगे।

**ये परिवर्तन, उस अधिक सरल, अधिक एकीकृत सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क का अंग हैं, जो पूरे ऑकलैण्ड में लागू किया जा रहा है।**

पेज 3

# सेंट्रल सबअर्ब्स के लिए इसका क्या अर्थ है?

अधिकांश लोगों के लिए, कम से कम बदलावों के साथ उन्नत बस सेवाएं मिलेंगी। हालांकि कुछ सबअर्ब्स के लिए ज्यादा बदलाव होंगे और बस उपयोक्ताओं को अपनी यात्राएं फिर से प्लॉन करनी होंगी। नए बस स्टॉप का उपयोग, नई बस संख्या का पता लगाना, परिचित बस रूट का बदल जाना, या यात्रा पूरी करने के लिए ट्रांसफर की आवश्यकता, इसमें शामिल हैं।

- **सायंकालीन और सप्ताहांत (वीकएंड) की बेहतर सेवाएं।**
- **सिटी सेंटर से और को 12 नियमित बस रूट** देर रात तक कम से कम प्रत्येक 15 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन। व्यस्त अवधि के दौरान इनमें से ज्यादातर रूटों पर बसें प्रत्येक 5 – 10 मिनट पर चलेंगी, ताकि आप आसानी से बदलते हुए जा सकें।
- **एक नई नियमित तमाकीलिंक बस** ईस्टर्न बे'ज को ब्रिटोमार्ट से जोड़ेगी। यह नई लिंक सेवा, वर्तमान सिटीलिंक, इनरलिंक, और आउटरलिंक के अतिरिक्त होगी।
- **उन्नत क्रॉसटाउन रूट** ताकि आप सिटी सेंटर जाए बिना सेंट्रल सबअर्ब्स के बीच सफर कर सकें।
- **कुछ लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए** रेलगाड़ी या अन्य बस में ट्रांसफर लेना होगा। इसके लिए AT HOP कार्ड पर कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आएगा। विवरणों के लिए **AT.govt.nz/athop** देखें।

पेज 4

# हम आपकी मदद के लिए तत्पर हैं।

सार्वजनिक सूचना कार्यक्रमों में आएं और हमसे बात करें। प्रत्येक कार्यक्रम में हमारे साथ हिंदी बोलने वाले एम्बेसेडर रहेंगे।

**tn:** निम्न शीर्षकों सहित एक तालिका जोड़ी गई है: लोकेशन, तारीख और समय।

**tn समाप्त।**

| स्थान | तारीख | समय |
|---|---|---|
| **सेंट हेलियर्स लाइब्रेरी**<br>32 सेंट हेलियर्स बे रोड सेंट हेलियर्स | मंगलवार 26 जून | 10:00-13:00 |
| **ग्लेन इन्स लाइब्रेरी**<br>108 लाइन रोड, ग्लेन इन्स | मंगलवार 26 जून | 14:00-17:00 |
| **माउंट रोसकिल लाइब्रेरी**<br>546 माउंट अल्बर्ट रोड थ्री किंग्स | बुधवार 27 जून | 10:00-13:00 |

| | | |
|---|---|---|
| **ओनेहंगा ट्रांसपोर्ट सेंटर**<br><br>अपर म्यूनिसिपल प्लेस, ओनेहंगा | बुधवार 27 जून | 14:00-17:00 |
| **प्वाइंट शेवलियर लाइब्रेरी**<br>1221 ग्रेट नार्थ रोड प्वाइंट शेवलियर | गुरूवार 28 जून | 10:00-13:00 |
| **सिटी सेंटर**<br>कॉमर्स स्ट्रीट और 50 कस्टम्स स्ट्रीट ईस्ट | गुरूवार 28 जून | 15:00-18:00 |


पेज 5


# सेंट्रल सबअर्ब्स के नए बस नेटवर्क के बारे में

**हम ऑकलैण्ड का बस नेटवर्क क्यों बदल रहे हैं?**

हमारे बढ़ते हुए शहर की ज़रूरतें पूरी करने के लिए, हमने एक नए सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की योजना बनाई है।

पहले ऑकलैण्ड के बस नेटवर्क में हर कहीं से हर कहीं तक, प्रायः कम (बार) आवृत्तियों पर सीधी सेवाएं चलाने का प्रयास किया गया, जैसा कि मॉडल 1 में दिखाया गया है। हम मॉडल 2 की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें रूट कम लेकिन आवृत्तियां अधिक (बार) और प्रमुख केंद्रों से बेहतर कनेक्शन हैं।




## कौन प्रभावित होगा?

सेंट्रल सबअर्ब्स में या यहां से होकर बस यात्राएं करने वाले अधिकांश लोग कुछ परिवर्तन देखेंगे। अनेक ग्राहक बस रूट नंबरों में परिवर्तन, और अधिक जल्दी-जल्दी बसें आती देखेंगे। इस्थमस (ब्रिज) के पश्चिमी ओर रहने वालों की तुलना में एप्सम में मानुकाऊ रोड के पूर्व में रहने वाले लोग प्रायः अधिक प्रभावित होंगे, और अपनी यात्रा पूरी करने के लिए उन्हें रेलगाड़ी या अन्य बस में ट्रांसफर लेना पड़ सकता है।

## ये परिवर्तन कब होंगे?

सेंट्रल सबअर्ब्स के लिए नया नेटवर्क रविवार 8 जुलाई 2018 से लागू होगा।

**यह किस तरह निर्धारित किया गया?**

सेंट्रल सबअर्ब्स के लिए नया नेटवर्क आपको ध्यान में रखकर बनाया गया। अक्टूबर– दिसम्बर 2015 के दौरान, लोक सदस्यों को उनकी बात रखने के लिए आमंत्रित किया गया था। हमने 3743 निजी प्रतिक्रियाएं प्राप्त कीं, जिनसे बजट और व्यावहारिक कारकों के अलावा नेटवर्क डिजाइन में मदद मिली।

**मुख्य लाभ क्या हैं?**

- बसें अधिक बार, सप्ताह में सातों दिन
- अधिक सरल बस नेटवर्क, जो समझने में आसान है।
- बसों और रेलगाड़ियों के बीच बेहतर कनेक्शन, अधिक गंतव्यों तक पहुंचने की सुविधा।

**हमने निम्न पर परामर्श लिया:**

53 प्रस्तावित रूट, और सार्वजनिक प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप....

- 18 रूट बदले गए
- 11 रूट खत्म किए गए और उनकी जगह पर 12 नए रूट लाए गए।
- 24 में कोई बदलाव नहीं किया गया

परामर्श सारांश और निर्णय रिपोर्ट देखने के लिए, **AT.govt.nz/newnetworkcentral** देखें।



# स्कूल बसें

**सेंट्रल सबअर्ब्स में कुछ ऑकलैण्ड ट्रांसपोर्ट स्कूल बस रूट सोमवार 23 जुलाई से, टर्म 3, 2018 की शुरूआत में, बदल जाएंगे। अधिकांश स्कूल बस रूट नंबर बदल जाएंगे।**

परिवर्तनों की जानकारी के लिए **AT.govt.nz/centralschoolbus** देखें।


बसों में परिवर्तन से पहले, ऑकलैण्ड ट्रांसपोर्ट स्कूलों को सीधे विस्तृत सूचना उपलब्ध कराएगा।

# AT मोबाइल एप

**आपके आईफोन या एंड्रायड डिवाइस पर एक सरल सार्वजनिक परिवहन जर्नी प्लॉनर**

- अपनी नियमित यात्राएं बनाएं, सहेजें, निजी करें और संपादित करें।
- अपनी बस या रेलगाड़ी की रीयल टाइम लोकेशन पता करें।


- रूट के अनुसार विशेष सूचनाएं, जैसे कि बस स्टॉप बंद होने या प्रमुख व्यवधानों की जानकारी पाएं।
- ऑकलैण्ड ट्रांसपोर्ट सें नवीनतम समाचार और अपडेट प्राप्त करें।




# अपनी नई यात्रा की योजना बनाने के लिए ऑनलाइन जाएं।

आपकी यात्रा किस तरह प्रभावित होगी, यह पता करने के लिए जर्नी प्लॉनर का उपयोग करें।

15 जून 2018 के बाद (जब सिस्टम में नई सेवाएं उपलब्ध होंगी) **AT.govt.nz/journeyplanner** पर जाएं और **अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए 8 जुलाई 2018 से कोई तारीख दर्ज करें**





# अपनी नई स्थानीय समयसारिणी पाएं।

**AT मोबाइल एप या ऑनलाइन जर्नी प्लॉनर का उपयोग करके अपनी बस का प्रस्थान और यात्रा समय ज्ञात करें। यदि आप पूरी समयसारिणी देखना चाहें, तो, आप यह कर सकते हैं:**

- **AT.govt.nz/timetables** पर ऑनलाइन जाएं और समयसारिणी की प्रति डाउनलोड करें।

- जुलाई 2018 की शुरूआत से अपने स्थानीय AT ग्राहक सेवा केंद्र, लाइब्रेरी, या ऑकलैण्ड काउंसिल सर्विस सेंटर पर जाएं।
- आपको एक कॉपी मेल करने का अनुरोध करने के लिए **(09) 366 6400** पर कॉल करें या timetables@at.govt.nz पर ईमेल करें।
- एक नए नेटवर्क सार्वजनिक सूचना कार्यक्रम में आएं।




पेज 7

# आपके स्थानीय क्षेत्र में बसों में परिवर्तन

## नया नेटवर्क ऑकलैण्ड के सेंट्रल सबअर्ब्स में सबसे वर्तमान बस सेवाओं को बदलेगा।

### फ्रीमेन्स बे

- ब्रिटोमार्ट, विक्टोरिया पार्क, फ्रीमेन्स बे, करंगापे रोड क्वीन स्ट्रीट और वापस ब्रिटोमार्ट को जोड़ने वाला एक वन वे लूप, प्रत्येक 30 मिनट, सभी दिन, सप्ताह में 7 दिन (106)

### वेस्टमेयर/ ग्रे लिन/ पोनसनबी

- (20) सेंट ल्यूक्स, किंग्सलैण्ड, पोनसनबी और विनयार्ड क्वार्टर को, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक प्रत्येक 15 मिनट पर और इस समय के बाद प्रत्येक 20 मिनट पर जोड़ती है, सप्ताह में 7 दिन।
- (आउटरलिंक) (इनरलिंक) (18) में कोई परिवर्तन नहीं।
- जर्वोइस रोड होकर, सिटी यूनिवर्सिटीज के लिए सप्ताह के दिनों में पीक सेवाएं प्रत्येक 15-20 मिनट (101) पर।

- रिचमंड रोड से सिटी सेंटर को कम से कम प्रत्येक 20 मिनट पर अधिक सीधी बसें, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन (105)

## प्वाइंट शेवलियर

- (आउटरलिंक) (18) में कोई परिवर्तन नहीं
- माउंट अल्बर्ट, रॉयल ओक सिल्विया पार्क की ओर बसें प्रत्येक 15 मिनट पर, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन (66)
- प्वाइंट शेवलियर बीच से सिटी यूनिवर्सिटीज के लिए सप्ताह के दिनों में पीक सेवाएं प्रत्येक 15 – 20 मिनट (101) पर। अन्य समय पर(66) और (आउटरलिंक) को ट्रांसफर या प्वाइंट शेवलियर दुकानों पर (18) ग्रेट नार्थ रोड सेवाओं का उपयोग करें।
- सेल्विन विलेज, वेस्टर्न स्प्रिंग्स, सेंट ल्यूक्स, ग्रीनलेन क्लीनिकल सेंटर और ग्लेन इन्स से दिन के दौरान सप्ताह में 7 दिन (650) जुड़ा है।

## न्यू नार्थ और संड्रिंघम रोड

- इन सड़कों पर समयसारिणी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।
- (209) (221X) (223X) (243X) (248X) में कोई बदलाव नहीं हुआ है।
- सभी अन्य सेवाओं के लिए रूट नंबर बदल गए हैं। विवरण के लिए मानचित्र देखें।

## हिल्सबरो/ वाइकोव्हाई

- सिटी सेंटर से और सिटी सेंटर को सभी बसें अब माउंट ईडन रोड (27H) (27W) या डोमिनियन रोड (25L) होकर चलेंगी।
- इस क्षेत्र में कुछ रूट परिवर्तित किए गए हैं।
- नई नियमित क्रॉसटाउन सेवा न्यू लिन और ओनेहंगा (68) को जोड़ेगी।
- न्यूमार्केट और ग्राफ्टन जाने के लिए माउंट ईडन स्टेशन पर अन्य बस या रेलगाड़ी में ट्रांसफर लें।

## विनयार्ड क्वार्टर

- (20) विनयार्ड क्वार्टर को पोनसनबी, किंग्सलैण्ड और सेंट ल्यूक्स से, प्रत्येक 15 मिनट, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह और इस समय के बाद प्रत्येक 20 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन जोड़ा गया है।
- (75) विनयार्ड क्वार्टर को मिडटाउन, ऑकलैण्ड सिटी हॉस्पिटल, न्यूमार्केट और रेम्यूरा से, आधी रात तक कम से कम प्रत्येक 15 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन जोड़ा गया है।
- (सिटीलिंक) का विनयार्ड क्वार्टर में मामूली रूट परिवर्तन किया गया है और अब भी क्वीन स्ट्रीट और करंगहेप रोड को प्रत्येक 7 – 8 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन जाएगी।

**एप्सॉम / मानुकाऊ रोड**

- आधी रात तक प्रत्येक 10 – 15 मिनट पर बसें, सप्ताह में 7 दिन। ओनेहंगा, रॉयल ओक, एप्प्सम, न्यूमार्केट, खैबर पास रोड और सिटी सेंटर (30) को जोड़ती है।
- (295) गिलीस एव सिटी सेंटर से जुड़ी रहेगी।
- (आउटरलिंक) (309) (309X) में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
- (321) समयसारिणी में संशोधन

**मीडोबैंक/ रेम्यूरा/ स्टोनफील्ड्स**

- सेंट जॉन्स रोड और रेम्यूरा रोड से न्यूमार्केट, वैलेसली स्ट्रीट /विक्टोरिया स्ट्रीट और विनयार्ड क्वार्टर के लिए नियमित बस सेवा कम से कम प्रत्येक 15 मिनट पर आधी रात तक, सप्ताह में 7 दिन (75)
- रेम्यूरा रोड सेवाएं अब पारनेल या ब्रिटोमार्ट तक नहीं जाएंगी।
- लोकल सेवा (781) विक्टोरिया एव को न्यूमार्केट और मिशन बे से जोड़ेगी। 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक यह सेवा, ऑकलैण्ड वॉर मेमोरियल म्यूजियम के प्रवेशद्वार तक भी जाएगी।
- (782) मीडोबैंक एरिया को लोकल रेलगाड़ी स्टेशन, मिशन बे और एलर्सली से जोड़ेगी।
- बेनसन रोड अब पोर्टलैण्ड रोड होकर ब्रिटोमार्ट को जोड़ेगी। (755)
- (747) स्टोनफील्ड्स को ग्लेन इन्स और पैनम्योर से प्रत्येक 30 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन जोड़ेगी।

**वन ट्री हिल /ओरंगा**

- माउंट स्मार्ट रोड पर से प्वाइंट शेवलियर या सिल्विया पार्क की ओर बसें प्रत्येक 15 मिनट पर, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह, सप्ताह में 7 दिन (66)
- नई सेवाएं रॉयल ओक एरिया और एलर्सली (295), और ओनेहंगा और एलर्सली (298) को जोड़ेंगी।
- सिटी सेंटर के लिए कुछ ट्रिप में एलर्सली, रॉयल ओक या ओनेहंगा पर रेलगाड़ी या अन्य बस में ट्रांसफर लेना होगा।

**ओराकेई/ मिशन बे/ कोहिमारामा/ सेंट हेलियर्स / ग्लेंडोई**

- तमाकी ड्राइव और सेंट हेलियर्स बे रोड की पूरी लंबाई में नई बस सेवा प्रत्येक 15 मिनट पर आधी रात तक, सप्ताह में 7 दिन (तमाकीलिंक)
- सप्ताह के दिनों में अधिक घंटों तक पीक सेवाएं लांग ड्राइव (774) और ग्लेंडोई (775) को ब्रिटोमार्ट से जोड़ेंगी।
- स्थानीय स्कूलों के लिए अधिक सार्वजनिक बस विकल्प

- (762) वेस्ट तमाकी रोड से ब्रिटोमार्ट को केपा रोड द्वारा। यह प्रत्येक 30 मिनट पर और पीक समय में अधिक बार ग्लेन इन्स स्टेशन पर रेलगाड़ी को भी जोड़ेगी।
- नई लोकल सेवाएं (744) (781) (782)
- (783) सेंट एंड्र्यूज, ग्रेस जोएल और ईस्टक्लिफ रिटायरमेंट विलेजेस और ग्लेंडोई को सेंट हेलियर्स, मिशन बे और ईस्टरिज शॉपिंग सेंटर से जोड़ती है।
- सिटी सेंटर के लिए कुछ ट्रिप में सेंट हेलियर्स या मिशन बे पर अन्य बस में ट्रांसफर लेना होगा।

**ग्लेन इन्स / प्वाइंट इंग्लैण्ड / तमाकी**

- रेम्यूरा रोड (75), सेंट हेलियर्स (तमाकीलिंक), त्रिपोली रोड और पैनम्योर (743) (744), तनिव्हा स्टेशन और वेस्ट तमाकी रोड (762), और स्टोनफील्ड्स (747) के लिए बेहतर बस सेवाएं
- ग्रीनलेन, सेंट ल्यूक्स और प्वाइंट शेवलियर तक क्रॉसटाउन सेवा (650)
- ये नई बस सेवाएं, क्षेत्र में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखकर उन्नत की गई हैं।

**माउंट वैलिंगटन**

- सिटी सेंटर के लिए कुछ ट्रिप में एलर्सली, सिल्विया पार्क या पेनरोज पर रेलगाड़ी या अन्य बस में ट्रांसफर लेना होगा।
- अधिक सरल बस रूट (298) (782)एलर्सली और सिल्विया पार्क रेलगाड़ी स्टेशनों के इलाकों को जोड़ती है।
- एलर्सली -पैनम्योर हाईवे पर सिटी सेंटर तक बसें प्रत्येक 10 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन (70)
- (323) पनामा रोड और कार्बाइन रोड एरिया को पैनम्योर और ओटाहू से जोड़ती है।
- पेनरोज रोड से रॉयल ओक, माउंट अल्बर्ट रोड और प्वाइंट शेवलियर के लिए नियमित बस सेवा प्रत्येक 15 मिनट पर, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह, सप्ताह में 7 दिन, (66)



# आप पूरे ऑकलैण्ड और लोकप्रिय गंतव्यों तक कैसे पहुंचें

## तमाकीलिंक

**नई (तमाकीलिंक) बस ईस्टर्न बे'ज को ब्रिटोमार्ट से जोड़ती है।**

- आधी रात तक, प्रत्येक 15 मिनट पर सप्ताह में 7 दिन, सिटी सेंटर को तमाकी ड्राइव की पूरी लंबाई में , सेंट हेलियर्स बे रोड और ग्लेन इन्स स्टेशन से जोड़ती है।
- ईस्टर्न बे'ज को इसके समुद्रतटों, खान-पान सुविधाओं, और सी लाइफ केली टार्लटन एक्वेरियम के कारण, स्थानीय लोगों व आगंतुकों के लिए अधिक सुगम गंतव्य बनाया गया है।

- मिशन बे, कोहिमारामा और सेंट हेलियर्स को ग्लेन इन्स स्टेशन से जोड़ने के कारण, सिल्विया पार्क, मिडलमोर हॉस्पिटल और मानुकाऊ पहुंचना अब ज्यादा आसान है।
- शुक्रवार और शनिवार रात को आधी रात के बाद ब्रिटोमार्ट से ईस्टर्न बे'ज के लिए अतिरिक्त ट्रिप।

## 20

**नई (20) बस सेंट ल्यूक्स, किंग्सलैण्ड, पोनसनबी और विनयार्ड क्वार्टर को जोड़ती है।**

- प्रत्येक 15 मिनट, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह और उसके बाद प्रत्येक 20 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन।
- पूरे सेंट्रल ऑकलैण्ड में नाइटलाइफ, मनोरंजन, और डाइनिंग क्लबों तथा किंग्सलैण्ड रेलगाड़ी स्टेशन, ईडन पार्क, और सेंट ल्यूक्स शॉपिंग मॉल को जोड़ती है।

## 781

- नई (781) बस ऑकलैण्ड वॉर मेमोरियल म्यूजियम और न्यूमार्केट के बीच 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन चलती है।
- यात्रियों को म्यूजियम के प्रवेश द्वार तक पहुंचाती है और इस प्रसिद्ध गंतव्य के लिए अतिरिक्त यात्रा विकल्प प्रदान करते हुए (इनरलिंक) (आउटरलिंक) और रेलगाड़ी से पारनेल और ग्रॉफ्टन स्टेशनों को जोड़ती है।

# क्रॉसटाउन के रूट*

**नई बस सेवाएं, सिटी सेंटर जाए बिना इस्थमस (ब्रिज) पार करते हुए, अन्य क्षेत्रों के लिए अधिक सीधे रूट उपलब्ध कराएंगी। इससे उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम रूटों का एक ग्रिड अधिक संपर्कों वाला नेटवर्क निर्मित करेगा।**

- प्वाइंट शेवलियर से सिल्विया पार्क को माउंट अल्बर्ट रोड होकर प्रत्येक 15 मिनट, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन. नियमित सेवा (66)। इन घंटों के अलावा कम आवृत्तियां।
- न्यू लिन से ब्लॉकहाउस बे, व्हाइट स्वान रोड, रिचर्डसन रोड और हिल्सबरो होकर ओनेहंगा तक नियमित सेवा (68) प्रत्येक 15 मिनट, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन। इन घंटों के अलावा कम आवृत्तियां।
- (650) प्वाइंट शेवलिएर से सेंट ल्यूक्स रोड बालमोरल रोड, ग्रीनलेन, रेम्यूरा रोड और सेंट जॉन्स रोड होकर ग्लेन इन्स। ऑकलैण्ड चिड़ियाघर और मोटैट (MOTAT) जाने के लिए यह बस लें।
- (670) न्यू लिन से एवोडेल, स्टोडर्ड रोड माउंट रोसकिल और ओनेहंगा होकर ओटाहू।
- इस समय (आउटरलिंक) में कोई परिवर्तन नहीं।*

** 2019 में सेंट ल्यूक्स, माउंट ईडन, बालमोरल और ग्रीनलैण्ड एरिया में क्रॉसटाउन सेवाओं की समीक्षा के लिए ऑकलैण्ड ट्रांसपोर्ट की योजना है।*

# प्रत्येक 15 मिनट पर आधी रात तक*

निम्न रूटों पर सिटी सेंटर से व सिटी सेंटर को, कम से कम प्रत्येक 15 मिनट पर, देर शाम तक, सप्ताह में 7 दिन. बसें चलेंगी। व्यस्त समय के दौरान बसें अधिक रहेंगी: (18) (20) (22) (24) (25) (27) (30) (70) (75) (इनरलिंक) (आउटरलिंक) (तमाकीलिंक)




*टिप्पणियां:

- (20) कम से कम प्रत्येक 15 मिनट पर, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक और इसके बाद प्रत्येक 20 मिनट पर चलेगी।
- रविवार को कुछ रूट 11 अपरान्ह तक केवल प्रत्येक 15 मिनट पर संचालित होंगे।
- शुक्रवार और शनिवार की शाम को कुछ रूटों पर अधिक देर तक सेवाएं रहेंगी। लेट नाइट बस सेक्शन देखें।

पेज 10

# नया सेंट्रल सबअर्ब्स नेटवर्क मानचित्र

अधिकांश सेंट्रल सबअर्ब्स बस सेवाएं रविवार 8 जुलाई 2018 से परिवर्तित हो जाएंगी। ऑकलैण्ड ट्रांसपोर्ट स्कूल बसें टर्म 3, 2018 की शुरूआत में बदलेंगी। समयसारणियों, अलग-अलग रूट मानचित्रों और बस स्टॉप सूचनाओं सहित अधिक विस्तृत जानकारी: AT.govt.nz/newnetworkcentral पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

बस रूट नंबरों और अक्षरों का क्या अर्थ है?

- 2 अंक एक नियमित सेवा इंगित करते हैं, जो कम से कम प्रत्येक 15 मिनट पर, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन चलती है, उदाहरण रूट 75
- बस नंबर के बाद एक अक्षर, बताता है कि इस मुख्य नियमित बस रूट की दो शाखाएं हैं और उस क्षेत्र या प्रमुख रोड के बारे में बताता है जहां वह सेवा जाती है। ये शाखाएं, मुख्य रूट की तुलना में कम बार संचालन वाली होंगी. (22N) न्यू लिन, (22R) रोजबैंक, (24B) ब्लॉकहाउस बे, (24R) रिचर्डसन रोड (25B) ब्लॉकहाउस बे, (25L) लिनफील्ड, (27H) हिल्सबरो, (27W) वाइकोव्हाई
- 3 अंकों की संख्या, कनेक्टर सेवा इंगित करती है जो कम से कम प्रत्येक 20 से 30 मिनट पर, 7 पूर्वान्ह से 7 अपरान्ह तक, सप्ताह में 7 दिन चलती है, उदहारणतया (105), या लोकल सेवा जो कम से कम प्रत्येक 60 मिनट सप्ताह में 7 दिन चलती है, उदाहरण. रूट (782), या पीक पीरियड सेवाएं उदहारणतया (101)

(संलग्न मानचित्र PDF देखें)

पेज 11

# सिटी सेंटर मानचित्र

नोट: रेम्यूरा रोड सेवाएं न्यूमार्केट ऑकलैण्ड सिटी हॉस्पिटल, मिडटाउन होकर विनयार्ड क्वार्टर तक चलेंगी। रेम्यूरा रोड से बसें वेलेजली स्टेशन जाएंगी। रेम्यूरा रोड से बसें विक्टोरिया स्टेशन जाएंगी। वे पारनेल होकर या ब्रिटोमार्ट नहीं जाएंगी।

(संलग्न मानचित्र PDF देखें)

# सार्वजनिक परिवहन द्वारा हॉस्पिटल कैसे पहुंचें

(321) हॉस्पिटल्स बस ब्रिटोमार्ट और ऑकलैण्ड सिटी हॉस्पिटल, ग्रीनलेन क्लीनिकल सेंटर, एलर्सली स्टेशन, ओटाहू और मिडलमोर हॉस्पिटल के बीच, प्रत्येक 20 से 30 मिनट, सोमवार से शुक्रवार तक चलेंगी।

हॉस्पिटल जाने के अन्य उपाय निम्न हैं:

**ऑकलैण्ड सिटी हॉस्पिटल**

- (इनरलिंक) (70) (75) बसें प्रत्येक 10 – 15 मिनट पर, सप्ताह में 7 दिन सिटी सेंटर, विनयार्ड क्वार्टर, पोनसनबी, न्यूमार्केट, पारनेल, रेम्यूरा रोड ग्लेन इन्स, एलर्सली, पैनम्योर और बॉटनी को सीधी संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएंगी।
- ग्रॉफ्टन रेलगाड़ी स्टेशन ऑकलैण्ड सिटी हॉस्पिटल से पार्क रोड पर 500 मी. दूर है। स्टेशन के बाहर से सभी बसें आप को हॉस्पिटल के बाहर अगले बस स्टॉप तक ले जाएंगी।

**ग्रीनलेन क्लीनिकल सेंटर**

- (650) हॉस्पिटल के पीछे प्वाइंट शेवलिएर से बालमोरल रोड पर और ग्लेन इन्स से सेंट जॉन्स रोड और रेम्यूरा रोड होकर जाती है।

**मिडलमोर हॉस्पिटल**

- दक्षिणी और पूर्वी लाइन की रेलगाड़ियां हॉस्पिटल से सड़क के दूसरी ओर मिडलमोर स्टेशन पर रूकती हैं।

# देर रात वाली बसें

**नए नेटवर्क में, शुक्रवार रात/शनिवार सुबह और शनिवार रात/रविवार सुबह निम्न रूटों पर अतिरिक्त मध्यरात्रि-पश्चात चक्कर होंगे।**

**ये देर रात वाली सेवाएं हमारे वर्तमान रूट N26 और N62 का स्थान लेंगी। वर्तमान के रूट N10 और N11 में कोई परिवर्तन नहीं किए गए हैं।**

(18) ग्रेट नार्थ रोड और न्यू लिन से हेंडरसन

(22R) न्यू नार्थ रोड से रोजबैंक

(24B) सैंडरिंघम रोड और ब्लॉकहाउस बे से न्यू लिन

(25L) डोमिनियन रोड से लिनफील्ड

(27H) माउंट ईडन रोड और हिल्सबरो से वाइकोव्हाई

(30) मानुकाऊ रोड से ओनेहंगा

(70H) एलर्सली, पैनम्योर और होविक से बॉटनी

(75) रेम्यूरा रोड से ग्लेन इन्स

(तमाकीलिंक) तमाकी ड्राइव, मिशन बे और सेंट हेलियर्स से ग्लेन इन्स

अधिक जानकारी के लिए, अपनी नई बस समयसारिणी या **AT.govt.nz/nightbus** देखें।

# किसी रेलगाड़ी या अन्य बस में ट्रांसफर लेने की ज़रूरत है?

**इसके लिए AT HOP कार्ड पर आपका कोई अतिरिक्त खर्च नहीं होगा। ***

स्काईबस को छोड़कर, सभी बस और रेलगाड़ी सेवाओं के लिए AT में जोन-आधारित किराया प्रणाली का उपयोग किया जाता है। इसका अर्थ है कि अपनी इच्छित जगह तक जाना आपके लिए अधिक आसान और सस्ता हो जाएगा, विशेषकर जहां एक से दूसरी सेवा में ट्रांसफर लेना हो।

**AT HOP कार्ड से भुगतान करने पर, पूरी यात्रा के लिए आपके किराए की गणना की जाती है, जिसमें 4 घंटे के अंदर 5 तक बसें या रेलगाड़ी यात्राएं शामिल होती हैं, जिनमें यात्राओं के बीच ट्रांसफर समय 30 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए। इनमें से प्रत्येक यात्रा के लिए अलग-अलग भुगतान करने के बजाय यह बहुत सस्ता पड़ता है।*

AT HOP कार्ड के बारे में अधिक जानकारी, और उपयोग की शर्तें जानने के लिए **AT.govt.nz/athop** देखें।


Hibiscus Coast zone
Helensville zone
Upper North Shore zone
Huapai zone
Waiheke zone
Lower North Shore zone
City zone
Isthmus zone
Beachlands zone
Waitakere zone
Manukau North zone
Manukau South zone
Franklin zone

दस्तावेज समाप्त